दिन– गुरुवार दिनांक– 16 / 10 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अठारह उम्मीदवारों की तीसरी और अंतिम सूची जारी की। कांग्रेस ने बांटे इक्कीस उम्मीदवारों को सिम्बल।

02. राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने कोटे की छह में से चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। पार्टी और गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के साथ आज करेंगे बैठक।

04. और, सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन में आई तेजी। भाजपा के सम्राट चौधरी आज तारापुर और जदयू के विजय कुमार चौधरी सरायरंजन से करेंगे नामंकन दाखिल।

---

भारतीय जनता पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अठारह उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। इसके साथ ही पार्टी ने अपने हिस्से की सभी एक सौ एक सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। तीसरी सूची में पार्टी ने नरकटियागंज से संजय पांडे, चनपटिया से उमाकांत सिंह और चिरैया से लालबाबू प्रसाद गुप्ता को प्रत्याशी बनाया है। बीना देवी कोचाधामन सीट से, सतीश कुमार यादव राघोपुर से और मुरारी पासवान पीरपैंती से चुनाव लड़ेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान फिर से उम्मीदवार बनाए गए हैं। वहीं लोक गायक विनय बिहारी को फिर से लौरिया से पार्टी ने मौका दिया है। राष्ट्रीय जनता दल छोड़ कर भाजपा में शामिल मोहनिया की विधायक संगीता कुमारी और भभुआ के विधायक भरत बिंद को उनके मौजूदा निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दिए गए हैं। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

इससे पहले भाजपा की ओर से जारी दूसरी सूची में पार्टी ने लोक गायिका मैथिली ठाकुर को अलीनगर से प्रत्याशी बनाया है। छपरा से छोटी कुमारी को टिकट दिया गया है। वहीं, पार्टी ने भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी आनंद मिश्रा को बक्सर से, हायाघाट से रामचंद्र प्रसाद, मुजफ्फरपुर से रंजन कुमार, गोपालगंज से सुभाष सिंह, बनियापुर से केदार नाथ सिंह और सोनपुर से विनय कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। अगिआंव से महेश पासवान और शाहपुर से राकेश ओझा के नाम सूची में शामिल हैं।

---

इधर, राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने सासाराम से श्री कुशवाहा की पत्नी स्नेह लता, दिनारा से आलोक कुमार सिंह, उजियारपुर से प्रशांत पंकज और मधुबनी से माधव आनंद को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के कोटे की दो सीट बाजपट्टी और पारू विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवारों के नामों की घोषणा नहीं हुई है। श्री कुशवाहा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद एनडीए की एकजुटता का दावा किया था। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा है कि एनडीए के सभी घटक दल एकजुट हैं लेकिन महागठबंधन में विवाद ही विवाद है।

---बाइट---

---

लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास ने भी चौदह उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी ने गोविन्दगंज से प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, ब्रहमपुर से हुलास पांडेय, ओबरा से प्रकाश चन्द्र, दरौली से विष्णु देव पासवान, परबत्ता से बाबू लाल शौर्य, नाथनगर से मिथुन कुमार, पालीगंज से सुनील कुमार, बखरी से संजय कुमार और गरखा से सीमांत मृणाल को उम्मीदवार बनाया है। इधर, पशुपति कुमार पारस के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने सभी विधानसभा क्षेत्रों से अपने उम्मीदवार उतारने की घोषणा की है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रिंस राज ने बताया कि पार्टी समान विचारधारा वाले अन्य दलों के साथ गठबंधन भी करेगी।

---

जनता दल युनाईटेड ने भी प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। सत्तावन उम्मीदवारों वाली इस सूची में छह मंत्रियों के नाम शामिल हैं। वहीं, अठारह विधायकों को दोबारा टिकट मिला है। पार्टी ने चार महिलाओं को भी टिकट दिया है। पार्टी ने विधानसभा के उपाध्यक्ष नरेन्द्र नारायण यादव को मधेपुरा जिले की आलमनगर सीट से फिर से मौका दिया गया है। वहीं, पार्टी के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी सराय रंजन सीट से चुनाव लडेंगे। समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी और शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को फिर से पार्टी ने मौका दिया है। महनार से प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा का भी सूची में नाम है। मद्य निषेध मंत्री रत्नेश सादा सहरसा जिले की सोनवरसा सीट से उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। पूर्व सांसद अश्वमेध देवी को समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी ने टिकट दिया है, जबकि पूर्व मंत्री

श्याम रजक पटना जिले की फुलवारी शरीफ और संतोष निराला बक्सर की राजनगर सीट से चुनाव लड़ेंगे।

---

महागठबंधन के घटक दल कांग्रेस ने अपने इक्कीस उम्मीदवारों को सिम्बल दे दिया है। पार्टी ने करगहर से संतोष मिश्रा, राजपुर से विश्वनाथ राम, मुजफ्फरपुर से बिजेन्द्र चौधरी, राजापाकड़ से प्रतिमा दास, सीतामढ़ी से अमित कुमार टुन्ना को सिम्बल दिया है। वहीं, कुटुम्बा से राजेश राम, बिक्रम से अनिल कुमार, वैशाली से संजीव सिंह, फूलपरास से सुबोध मण्डल, औरंगाबाद से आनंद शंकर को पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है।

---

जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने कहा है कि वे विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने फैसला किया है कि वे प्रत्याशियों की जीत के लिए काम करेंगे।

---बाइट---

---

प्रदेश की सभी दो सौ तैंतालीस विधानसभा सीटों पर नामांकन की रफ्तार तेज हो गयी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज तारापुर से पटना के दानापुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व केन्द्रीय मंत्री रामकृपाल यादव और सहरसा से आलोक रंजन झा अपना पर्चा दाखिल करेंगे। दोनों नामांकन सभा को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी संबोधित करेंगे। वहीं, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री नीरज कुमार बबलू सुपौल के छातापुर से नामांकन करेंगे। उनके नामांकन में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साह भी शामिल होंगे। इधर, जदयू के वरिष्ठ नेता और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी आज सरायरंजन से नामांकन पर्चा भरेंगे। इस दौरान उनके साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं, जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव वैशाली के महुआ विधानसभा क्षेत्र से नामांकन करेंगें निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल दो सौ छियानवे उम्मीदवारों ने अपना नामांकन किया था। इसमें पहले चरण के दो सौ उचनास और दूसरे चरण के सैंतालीस प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया था। छह नवम्बर को होने वाले पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन करने का कल अंतिम दिन है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी बूथ कार्यकर्ताओं से अपने क्षेत्र के प्रत्येक परिवार को सरकारी योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी देने

को कहा है। नमो एप के माध्यम से 'मेरा बूथ सबसे मज़बूत' अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुये श्री मोदी ने कहा कि इस बार राज्य के लोग दोहरी दीपावली मनाएंगे।

–––बाईट–––

इस बार बिहार में डबल दिवाली आने वाली है। एक तो नवरात्रि के पहले दिन जीएसटी के कारण लोगों ने दीवाली मनाई। अब 20 अक्टूबर को दिवाली है, वह हम मनाने जा रहे हैं। लेकिन इस बार बिहार का मिजाज 14 नवंबर को एनडीए के विजय वाली दिवाली भी माननी है। और इसमें हर बार की तरह बिहार की बहनों–बेटियों की बहुत बड़ी भूमिका रहेगी।

श्री मोदी ने कहा कि भाजपा के लाखों समर्पित कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में भाजपा और एनडीए की विजय के लिए हमारे समर्पित कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ जुट चुके हैं।

–––बाइट–––

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर आज पटना आ रहे हैं। इस दौरान वे कई चुनावी कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री शाह आज चुनाव प्रबंध समिति की बैठक में भाग लेंगे। साथ ही पार्टी और गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के साथ विमर्श भी करेंगे। कल उनका सारण जिले में कई चुनावी सभाओं को संबोधित करने का कार्यक्रम है। अठारह अक्टूबर को श्री शाह पटना में ही पार्टी नेताओं के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी बैठक करेंगे। इधर, जदयू भी आज से अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत कर रहा है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समस्तीपुर और दरभंगा से चुनाव प्रचार शुरू करेंगे।

–––बाइट–––

---

उत्तर रेलवे इस वर्ष दिवाली और छठ पर्व के दौरान एक हज़ार अतिरिक्त विशेष रेलगाडियां चला रहा है। नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष तीन हज़ार आठ सौ रेलगाडियों की तुलना में वर्तमान में विशेष ट्रेनों के चार हज़ार सात सौ से अधिक फेरे चल रहे हैं। श्री वर्मा ने बताया कि कोच वृद्धि के माध्यम से सामान्य ट्रेनों में दो लाख सत्तर हज़ार सीटें बढ़ाई गई हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने एनडीए के घटक दलों की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने इस खबर का शीर्षक लगाया है– जदयू के सतावन प्रत्याशी घोषित, पन्द्रह नये चेहरे।

दैनिक जागरण ने लिखा है– भाजपा ने अपने हिस्से की सभी एक सौ एक सीटों पर तय किये प्रत्याशी।

दैनिक भास्कर का शीर्षक है– जदयू ने चिराग के खाते में गयी चार सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे।

प्रभात खबर ने लिखा है– पीएम ने फूंका चुनावी बिगुल, बोले बिहार में इस बार डबल दीपावली।

राष्ट्रीय सहारा ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के हवाले से लिखा है– हम सिर्फ सरकार नहीं बिहार बनाना चाहते हैं।

आज अखबार लिखता है– आरएलजेपी से सूरजभान सिंह ने दिया इस्तीफा।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. भाजपा ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अठारह उम्मीदवारों की तीसरी और अंतिम सूची जारी की। कांग्रेस ने बांटे इक्कीस उम्मीदवारों को सिम्बल।

02. राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने अपने कोटे की छह में से चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे पर पटना आ रहे हैं। पार्टी और गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं के साथ आज करेंगे बैठक।

04. और, सभी दो सौ तैंतालीस सीटों पर प्रत्याशियों के नामांकन में आई तेजी। भाजपा के सम्राट चौधरी आज तारापुर और जदयू के विजय कुमार चौधरी सरायरंजन से करेंगे नामंकन दाखिल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।